राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
ओ.टी.एस. पुलिया के सामने, जयपुर–302017

दूरभाष नं. 0141–2715532 E-mail: rajssa.training@gmail.com

क्रमांक : रा.स्कूल.शि.प./जय/Training/2020–21/ 15062 दिनांक : 24/9/20

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एव
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा, समस्त जिलें।

अति. जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा, समस्त जिलें।

विषय : निष्ठा प्रशिक्षण (प्रारम्भिक शिक्षक) अन्तर्गत तकनीकी प्रभारियों की भूमिका/ दायित्व कार्यक्रम के सबंध में।

सन्दर्भ एनसीईआरटी द्वारा प्राप्त विस्तृत दिशा निर्देश दिनांक 15.09.2020

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि एनसीईआरटी द्वारा प्रारम्भिक शिक्षा के शिक्षकों हेतु दीक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन निष्ठा प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र ही प्रारम्भ किया जाना है। एनसीईआरटी द्वारा कोर्स कलेण्डर (कोर्स का नाम, कोर्स का लिंक, कोर्स प्रारम्भ होने व समाप्त होने की तिथि) शीघ्र उपलब्ध कराया जायेगा। प्रतिमाह 6 कोर्स संचालित होंगे एवं कुल 18 कोर्स संचालित किए जाने है जो अनुमानतः3 माह की अवधि में पूर्ण होंगे। वर्ष 2020–21 में उक्त कोर्स का आयोजन ऑनलाइन ही किया जा रहा है। अतः तकनीकी प्रभारियों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। तकनीकी प्रभारियों के द्वारा समस्त संबंधित शिक्षकों को प्रशिक्षण संबधी प्रत्येक सूचना/गतिविधि का सम्प्रेषण मेल, वेबसाइट अथवा अन्य अधिकारिक तरीके से किया जाना है।

राष्ट्रीय, राज्य, जिला एंव ब्लॉक प्रत्येक स्तर पर दो तकनीकी प्रभारी नियुक्त किए जाने है। उक्त क्रम में राज्य स्तर पर निष्ठा प्रशिक्षण हेतु निम्नानुसार तकनीकी प्रभारी नियुक्त किए गए है।

1. श्री संजय कुमार शर्मा, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर – 9887415785
2. श्रीमती लतिका मक्कड, सूचना सहायक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर – 9530218102

जिला व ब्लॉक स्तर पर दीक्षा पोर्टल पर पूर्व से ही कार्य कर रहे तकनीकी प्रभारियों द्वारा निष्ठा प्रशिक्षण हेतु कार्य किया जाना है। इस आशय के निर्देश राज्य स्तर से प्रसारित किए जा चुके हैं। एनसीईआरटी द्वारा राज्य, जिला व ब्लॉक स्तर पर मनोनीत तकनीकी प्रभारियों के दायित्वों/भूमिका को रेखांकित किया गया है जो निम्नानुसार है –

राज्य स्तर

- तकनीकी प्रभारी निष्ठा प्रशिक्षण हेतु पृथक से मेल आई.डी nishthasupport.cbse@gmail.com सृजित करेंगे एवं समस्त शिक्षकों को सूचित भी करेंगे उक्त मेल शिक्षकों हेतु Support mail का कार्य करेगी।
- तकनीकी प्रभारी एनसीईआरटी से प्राप्त ई–माडयूल को कोर्सेज में तैयार करेंगे एवं उक्त कोर्सेज एवं अन्य सन्दर्भ सामग्री (वीडियो, गतिविधि, विषयवस्तु) दीक्षा प्लेटफार्म पर आरएससीईआरटी, उदयपुर से समन्वय कर अपलोड करें।
- कोर्सेज की समीक्षा करवाई जाकर उसे अन्तिम स्वरूप प्रदान करें।
- तत्पश्चात कोर्सेज को पोर्टल पर लाइव करवाएगें।

24/9/20

D:\d drive\2019\SIQE 2018\RACHANA Mam/Letter

- कोर्सेज लाइव होने के पश्चात तकनीकी प्रभारी राज्य समन्वयक को कोर्स Medadata sheet में Submit करेंगे।
- राज्य स्तर से यह सुनिश्चित किया जावेगा कि समस्त संबंधित शिक्षकों तक कोर्स लिंक पहुंच जावे।

जिला एवं ब्लॉक स्तर

- जिला एमआईएस प्रभारी एवं ब्लॉक एमआईएस प्रभारी को आवश्यक रूप से तकनीकी सहयोग में शामिल किया जावे।
- कोर्स की सूचना प्रत्येक शिक्षक तक पहुंचाना।
- यह सुनिश्चित किया जावे कि शिक्षक द्वारा कलेण्डर के अनुसार स्वयं को प्रशिक्षण हेतु मनोनीत किया गया हैं एवं मैन्यूअल के निर्देशों के अनुसार कोर्स को पूर्ण किया गया है।
- विभिन्न स्त्रोतो (E-mail. post) के द्वारा शिक्षकों से लगातार सम्पर्क में रहना।
- यदि किसी सहभागी को तकनीकी समस्या आती है तो उसका राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर संवाद कर समाधान करना।
- राज्य समन्वयक एवं राज्य तकनीकी प्रभारी पूरे कार्यक्रम की मार्गदर्शक भूमिका में रहेंगे। अतः उन्हे समस्त प्रगति से अपडेट करना।
- प्रत्येक कोर्स के अन्त में निष्ठा पोर्टल पर निम्नानुसार डाटा अपलोड किया जाना।
  - कुल नामांकित शिक्षक एवं 18 कोर्स पूर्ण किए गए शिक्षकों की संख्या।
  - एनसीईआरटी को निर्धारित चैनल के माध्यम से सम्पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

सुलभ सन्दर्भ हेतु एनसीईआरटी से प्राप्त कार्यक्रम, मार्गदर्शिका सलग्न कर निर्देशित किया जाता है कि तकनीकी प्रभारियों की उल्लेखित भूमिका अनुसार निष्ठा प्रशिक्षण में दायित्व निर्वाहित किया जाना सुनिश्चित करावे।

24/9/20

(सोमदत्त दीक्षित)
उपायुक्त–प्रथम

क्रमांक : रा.स्कूल.शि.प./जय/Training/2020–21/ 15062 दिनांक : 24/9/2020

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, निदेशालय बीकानेर।
4. निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, निदेशालय बीकानेर।
5. निजी सहायक, निदेशक, आरएससीईआरटी, उदयपुर।
6. निजी सहायक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम/द्वितीय राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
7. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समस्त जिलें।
8. श्री संजय कुमार शर्मा, सहायक निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
9. श्रीमती लतिका मक्कड, सूचना सहायक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
10. कार्यालय प्रति।

24/9/20

उपायुक्त–प्रथम

D:\d drive\2019\SIQE 2018\RACHANA Mam/Letter